आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 187 | उज्जैन, शुक्रवार 30 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने विपरीत परिस्थितियों में भी उत्तरदायित्व निभाया-मुख्यमंत्री

## महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन राष्ट्र रक्षा के लिए समर्पित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में हो रहे महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का आहवान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 31 मई को पूर्वान्ह 11 बजे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300वां जन्म जयंती वर्ष को मनाने के लिए हमारे बीच पधार रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई का जीवन नारी सम्मान, नारी उत्थान और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए समर्पित था। महिलाओं को



रोजगार से जोड़कर स्वावलंबन की दिशा में उन्होंने प्रेरित किया। हालांकि उनके अपने जीवन के ऐसे भी कई कठिन पक्ष हैं जब वे आदर्श मां, आदर्श पत्नी, आदर्श बहू के रूप में जीवन के सभी दायित्वों को करते-करते शासन में भी आदर्श और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की धारा प्रवाहित करने के लिए सक्रिय रहीं, यह उनके अपने जीवन में दिखाई भी दिया।

### *लोकमाता ने देवस्थानों की शोभा बढ़ाई*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के शासनकाल में हमारे सभी देवस्थान विश्वनाथ बाबा धाम, सोमनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री हो या हमारे प्रदेश का उज्जैन महाकाल हो, ऐसे सभी के देवस्थानों पर पीने के पानी की प्याऊ, नहाने के लिए नदी के किनारे घाट, अन्न क्षेत्र, कुओं की व्यवस्था और धर्मशालाएं जहां यात्री आराम से अपना समय गुजारे, उन्हें निर्मित करवाया। एक तरफ लोकमाता देवी अहिल्या ने अपने जीवन के वे सारे शासन के सूत्र संभाले और उनके माध्यम से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। इसके साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक रूप से उस काल में जो एक तरह से हमारे विरोधी लोगों की सत्ता का समय और विपरीत काल था ऐसे दौर में भी देश के अनेक धार्मिक और सभी देवस्थानों की आभा बढ़ाने का कार्य किया।

प्रधानमंत्री का आगमन गर्व और हर्ष का विषय मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरे वर्ष देवी अहिल्या की 300वीं जयंती को मनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

# देश के इस राज्य में एप आधारित टैक्सी एग्रीगेटर्स के लिए जारी हुआ नया नियम




नई दिल्ली (एजेंसी)। गोवा सरकार ने एप-आधारित टैक्सी एग्रीगेटर्स को राज्य में अपनी सेवाएं देने में सक्षम बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे राज्य की टैक्सी यूनियनें परेशान हैं। सरकार ने हितधारकों से 30 जून तक दिशानिर्देशों पर अपनी टिप्पणियां भेजने को कहा है। मसौदा दिशानिर्देश 20 मई को अधिसूचित किए गए थे।

उत्तर और दक्षिण गोवा टैक्सी ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील नाइक ने कहा, सरकार के दिशा-निर्देश बहुत ही कमजोर हैं और इससे यह डर पैदा होता है कि देश भर से लोग यहां आकर टैक्सियां चलाना शुरू कर देंगे।

हम ऐसे दिशा-निर्देश को नहीं स्वीकारते हैं- यूनियनों का कहना है कि मसौदा दिशा-निर्देश टैक्सी क्षेत्र को कॉर्पोरेट बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा, ये दिशा-निर्देश हमें स्वीकार्य नहीं हैं और हमारी आजीविका में खतरा पैदा करते हैं। नाइक ने कहा, हम स्व-निर्मित लोग हैं जो अपना खुद का बिजनेस बनाकर आगे बढ़े हैं। हम यह सब छोड़कर किसी व्यक्ति या कंपनी के अधीन काम करने वाले नहीं हैं।

# फिर डरा रहा कोरोना, देश में 1252 हुए एक्टिव केस; केरल-महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मामले




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में एक बार फिर से कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में एक्टिव केसों की संख्या 1252 पहुंच गई है और अभी तक कुल मृतकों की संख्या 13 हो गई है।

केरल में सबसे ज्यादा 430 लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। महाराष्ट्र में एक्टिव केसों की संख्या 325 है, इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई से हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केस के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यूपी के व्यक्ति की चंडिगढ़ में मौत- उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक व्यक्ति की चंडिगढ़ में इलाज के दौरान मौत भी हुई है। यह व्यक्ति पंजाब के लुधियाना में काम करता था और सांस लेने में तकलीफ के बाद मरीज को चंडिगढ़ रेफर किया गया था। वहां उसका टेस्ट कोरोना पॉजिटिव आया था।

देश के अलग-अलग राज्यों में कोविड से कुल 13 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्यप्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है।

# नहीं दे सकते तो वादा मत करो, लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में देरी पर भड़के वायुसेना प्रमुख, रक्षा मंत्री के सामने की आलोचना




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना के एअर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में हो रही देरी पर चिंता जताई है। एक आधिकारिक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कई अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय हम जानते हैं कि ये सिस्टम कभी नहीं आने वाले हैं।

एअर चीफ मार्शल ने कहा, समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है और मैं एक भी परियोजना के बारे में नहीं सोच सकता जो समय पर पूरी हुई हो। हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता? वायुसेना प्रमुख ने रक्षा सिस्टमों में देरी के कई मामलों की ओर इशारा किया, खास तौर पर स्वदेशी परियोजनाओं से जुड़े मामलों की ओर। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम का हवाला देते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि तेजस रू1 फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है, जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित 48 हजार करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत है। ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक कोई भी विमान नहीं दिया गया है। डिलीवरी मार्च 2024 में शुरू होने वाली थी।

वायुसेना प्रमुख ने क्या-क्या कहा - लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी ने कई प्रमुख परियोजनाओं को प्रभावित किया है, जिसमें तेजस MK1A लड़ाकू विमान भी शामिल है।

# दिल्लीवालों को गर्मी से मिलेगी राहत, बिहार-राजस्थान में दो दिन बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में मानसून की एंट्री हो गई है। कई राज्यों में मौसम तेजी से करवट ले रहा है, कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। ढ्रब्ढ के मुताबिक, आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है। आगे बताते हैं आने वाले दिनों में देश में मौसम कैसा रहना वाला है।

दिल्ली एनसीआर में अगले तीन दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हवा के साथ आंधी का अनुमान जताया है, वहीं हरियाणा और पंजाब में आज और कल मध्यम बारिश हो सकती है। दिल्ली एनसीआर में 30 और 31 मई को गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान है।

यूपी में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान में गिरावट की संभावना है। यूपी के कासगंज, एटा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, बदायूं, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई और कन्नौज समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट है।

बिहार में कब आएगा मानसून- बिहार की अगर बात करें तो बिहार के 26 से 27 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। बताया जा रहा है इन जिलों में अगले दो दिन तेज बारिश हो सकती है। 15 जून से बिहार में मानसून आने का अनुमान है।

राजस्थान में कैसा रहेगा मौसम- राजस्थान के कोटा, बीकानेर, भरतपुर और जयपुर में आज और कल तेज बारिश हो सकती है। साथ ही तेज हवाएं चलने का भी अनुमान जताया गया है।

# भारत के लिए इसलिए जरूरी हैं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पांचवी पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान के निर्माण को मंजूरी दी है। रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) इसके मॉडल एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के डिजाइन पर पहले से काम कर रहा है। वर्तमान में सिर्फ तीन देशों अमेरिका, रूस और चीन के पास पांचवी पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान हैं। आइये जानते हैं कि पांचवी पीढ़ी के विमान क्या होते हैं और भारत के लिए स्वदेशी विमानों का होना क्यों जरूरी है?

# पहलगाम अटैक मानवता पर हमला, खराब मौसम के कारण सिक्किम नहीं गए PM Modi; वर्चुअली किया लोगों को संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। 29 मई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार राज्यों के दौरे की शुरुआत करने वाले थे। उनकी पहली यात्रा सिक्किम में होने वाली थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से पीएम मोदी वहां नहीं जा पाए।

सिक्किम को राज्य बने 50 साल पूरे होने पर गंगटोक में एक कार्यक्रम पीएम मोदी हिस्सा लेने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण दौरा रद कर दिया गया और फिर पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से वर्चुअली जुड़े।

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों को मिला करारा जवाब- पीएम मोदी ने वर्चुअल स्पीच में कहा, आतंकियों ने पहलगाम में जो किया वह सिर्फ भारत पर हमला नहीं था, बल्कि वो मानवता पर हमला था। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों को करारा जवाब दिया गया और आतंकी अड्डे तबाह किए गए।

सिक्किम की तारीफ- सिक्किम की जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 50 साल पहले सिक्किम ने अपने लिए लोकतांत्रिक भविष्य को तय किया। यहां के लोगों का मानना था कि जब सभी की आवाजें सुनी जाएगी और सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, तो सभी को प्रगति के समान अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा, मैं कह सकता हूं सिक्किम के सभी परिवारों का विश्वास मजबूत हुआ है। पिछले 50 सालों में सिक्किम से ऐसे सितारे निकले हैं, जिन्होंने भारत के आकाश को रोशन किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज का ये दिन बीते 50 वर्षों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने का है। आपने इतना बढ़िया कार्यक्रम आयोजित किया है। खुद मुख्यमंत्री इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए काफी ऊर्जा के साथ लगे रहे। मैं आप सभी को सिक्किम राज्य के 50 वर्ष होने की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

सिक्किम में कौन-कौन से प्रोजेक्ट की हुई शुरुआत- पीएम मोदी ने कहा, यहां प्रकृति भी है, अध्यात्म भी है, झीलें हैं, झरने हैं और शांति की छाया में बसे बौद्ध मठ भी हैं। कंचनजंगा नेशनल पार्क, यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी है। सिक्किम की धरोहर पर सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को गर्व है।

उन्होंने कहा, आज जब यहां नया स्काईवॉक बन रहा है, स्वर्ण जयंती प्रोजेक्ट का लोकार्पण हो रहा है, अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। ये सभी प्रोजेक्ट सिक्किम की नई उड़ान के प्रतीक हैं।

# दुनियाभर में बढ़ रहा NB.1.8.1 वैरिएंट का प्रकोप, कोविड के नए रूप का क्या है लक्षण?




नई दिल्ली (एजेंसी)। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने लोगों को अलर्ट करते हुए कहा है कि चीन में पाया जाने वाला कोविड-19 का नया वैरिएंट दुनिया के कुछ हिस्सों में तेजी से बढ़ रहा है और वर्तमान में यह साउथ-ईस्ट एशिया, वेस्टर्न पैसिफिक क्षेत्र और भूमध्य सागर के क्षेत्रों में फैल रहा है।

WHO के अधिकारियों ने बताया कि NB.1.8.1 नामक नए वैरिएंट के कारण चीन में हाल के दिनों में कोरोना का प्रकोप फिर से बढ़ गया है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने द एपोच टाइम्स को बताया कि इस नए वैरिएंट का अमेरिका में पता चला है। हालांकि, अभी तक इसके लगभग 20 सिक्वेंस पाए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 वायरस के फिर से बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई है। WHO के मुताबिक, फरवरी 2025 के मध्य से दुनियाभर में SARS-CoV-2 वायरस की गतिविधि में वृद्धि देखी जा रही है।

WHO के आंकड़ों के अनुसार कोविड टेस्ट में पॉजिटिविटी रेट 11% तक पहुंच गई है, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे अधिक है। WHO ने NB.1.8.1 वैरिएंट को निगरानी में रखा गया वैरिएंट घोषित किया था और इसके जोखिम को कम माना था।

बुधवार को अपने अपडेट में WHO ने कहा कि चीन सहित कुछ वेस्टर्न पैसिफिक देशों ने कोविड-19 मामलों और अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की सूचना दी है। हालांकि, अभी तक ऐसा कुछ नहीं है कि सुझाव दिया जाए कि नए वैरिएंट से जुड़ी बीमारी अन्य वैरिएंट की तुलना में अधिक गंभीर है।

WHO ने क्या कहा- WHO ने अपने अपडेट में कहा कि हाल ही में चार देशों और क्षेत्रों में मामलों में वृद्धि देखी गई है, जिनमें कंबोडिया, चीन, हांगकांग और सिंगापुर शामिल हैं।

WHO ने कहा कि LP.8.1 नामक वेरिएंट वर्तमान में दुनिया भर में प्रमुख संस्करण है।

संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य निकाय ने कहा कि LP.8.1 और NB.1.8.1 दोनों ने ऐसे कोई संकेत नहीं दिखाए हैं कि वे अन्य वैरिएंट की तुलना में सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम बढ़ाएंगे।

WHO के अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में हवाई अड्डों की जांच में संक्रमित क्षेत्रों से कैलिफोर्निया, वाशिंगटन, वर्जीनिया और न्यूयॉर्क आने वाले यात्रियों में नए वेरिएंट का पता चला है।

सीडीसी ने क्या कहा- सीडीसी के एक प्रवक्ता ने द एपोच टाइम्स को बताया कि भले ही अमेरिका में NB.1.8.1 वैरिएंट का पता लगाया गया है, लेकिन अभी तक यूएस में बेसलाइन निगरानी डेटा में 20 से भी कम सीक्वेंस हैं।

# फर्क नहीं पड़ता, मेरे पास और भी काम हैं, BJP के सुपर प्रवक्ता वाले बयान पर थरूर ने किया पलटवार

नई दिल्ली (एजेंसी)। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और इस दौरान आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर 100 से ज्यादा आतंकवादियो का सफाया भी किया।



इसके बाद भारत ने लगातार पाकिस्तान पर शिकंजा कसा और भारत सरकार ने भारतीय डेलिगेशन के सात दलों को विश्व भर के अलग-अलग देशों के दौरे पर भेजा, जहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेता भारत का पक्ष रख रहे हैं और पाकिस्तान को बेनकाब कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने साधा था थरूर पर निशाना- इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद शशि थरूर जो एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्होंने पनामा में भारत द्वारा 2016 में किए गए सर्जिकल स्ट्राइल फिर 2019 में पुलवामा हमले के बाद किए गए बालाकोट एअर स्ट्राइक और फिर अभी ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की।

इसके बाद कांग्रेस के ही नेता उदित राज ने थरूर पर निशाना साधना शुरू कर दिया और कहा कि यूपीए की पिछली सरकार ने पाकिस्तान पर 6 बार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया था।

शशि थरूर का जवाब- उदित राज की इन बातों का शशि थरूर ने जवाब दिया है और उन्होंने दो टूक बोलते हुए कहा कि उनके पास करने के लिए बहुत जरूरी काम है, उनको कोई फर्क नहीं पड़ता है।

थरूर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि उन्होंने अपने बयान में किसी भी युद्ध का जिक्र नहीं किया था, बल्कि सिर्फ आतंकी हमलों के जवाब में भारत की प्रतिक्रियाओं की बात की थी।

## मस्क ने Trump सरकार का साथ छोड़ा, X पर लिखा- राष्ट्रपति का धन्यवाद



नई दिल्ली (एजेंसी)। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से अलग करने का ऐलान किया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। पिछले दिनों एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल टैक्स बिल की खुलकर आलोचना की थी, इसके बाद ट्रंप और मस्क के बीच मतभेद की खबरें आईं थीं।

मस्क ने ट्रंप को दिया धन्यवाद- एलन मस्क ने एक्स पर लिखा कि मेरा विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित समय समाप्त हो रहा है, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को व्यर्थ व्यय को कम करने के अवसर के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। DOGE मिशन समय के साथ और मजबूत होता जाएगा क्योंकि यह पूरे सरकार में जीवन का एक तरीका बन जाएगा।

ट्रंप का चुनाव अभियान में खुलकर किया समर्थन- राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान दोनों के बीच अच्छे संबंध बने और मस्क ने ट्रंप प्रशासन में एक वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर काम किया है। मस्क ने ट्रंप की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए 25 करोड़ डॉलर का योगदान दिया था।

## ईरान में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके, दहशत में घरों से भागे लोग



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के दक्षिणी क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक, भूकंप 27 किलोमीटर (16.78 मील) की गहराई पर था। हालांकि अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है।

ईएमएससी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई है। ईरान में इससे पहले भी कई बार भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं।

इससे पहले कब आया था भूकंप- वहीं इससे पहले 21 मार्च को झटके मध्य ईरान के इस्फहान प्रांत के नतांज क्षेत्र में महसूस किए गए हैं। तब ईरान में 5 तीव्रता का भूकंप आया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूकंप से कोई हताहत या कोई नुकसान नहीं हुआ था, केवल कई गांवों में कई घरों की खिड़कियां टूट गईं थीं।

## आतंकवाद से निपटने के लिए हम, भारत से बातचीत के लिए फिर गिड़गिड़ाए शहबाज शरीफ; दोहराया घिसा पिटा राग

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को दोहराया कि वे भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को बैठकर कश्मीर, जल संकट और आतंकवाद जैसे मुद्दों का समाधान निकालना चाहिए।



यह बात उन्होंने अजरबैजान के लाचिन में आयोजित पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में कही। शहबाज शरीफ ने इस सप्ताह यह दूसरी बार कहा है कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता होनी चाहिए।

भारत से बात करने के लिए पाक तैयार- इससे पहले सोमवार को तेहरान में दिए गए बयान में उन्होंने कहा था कि सभी विवादों को सुलझाने के लिए वे भारत के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। भारत की तरफ से स्पष्ट किया जा चुका है कि बात होगी तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर पर होगी।

आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के साथ पाक तैयार- पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज ने कहा कि मैंने पूरी नम्रता के साथ कहा है कि हमें क्षेत्र में शांति चाहिए और इसके लिए जरूरी है कि उन मुद्दों पर बातचीत हो जो तत्काल समाधान के लिए महत्वपूर्ण हैं जैसे कि कश्मीर का मुद्दा, जो संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार और कश्मीर के लोगों की इच्छाओं के अनुसार हल होना चाहिए।

उन्होंने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान के लोगों के लिए जीवन रेखा है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

# अमेरिका में ट्रंप सरकार ने बर्ड फ्लू वैक्सीन के लिए कैंसिल की फंडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रंप प्रशासन ने बर्ड फ्लू वैक्सीन के अंतिम फेस के विकास के लिए मॉडर्ना को दिए गए कॉन्ट्रेक्ट को रद कर दिया। साथ ही शॉट्स खरीदने का अधिकार भी रद कर दिया है।




जनवरी में मॉडर्ना को बाइडन प्रशासन की तरफ से अपने बर्ड फ्लू वैक्सीन के विकास को आगे बढ़ाने और महामारी इन्फ्लूएंजा के लिए 590 मिलियन डॉलर दिए गए थे। इनमें पांच अतिरिक्त अध्ययनों के विस्तार का समर्थन करना भी शामिल है।

पिछले साल भी दिया गया था फंड- वहीं इससे पहले पिछले साल mRNA-आधारित वैक्सीन के अंतिम चरण के विकास और टेस्ट को पूरा करने के लिए 176 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त फंड दिया गया था। ये यू.एस. स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग की तरफ से H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा के खिलाफ दिया गया था।

क्या बोली कंपनी - मॉडर्ना ने कहा कि वह वैक्सीन के अंतिम चरण के विकास और निर्माण के लिए विकल्प तलाशने की योजना बना रही है।

कंपनी ने यह भी घोषणा की कि उसे ॥5 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के प्रकार को लक्षित करने वाले अपने बर्ड फ्लू वैक्सीन की सुरक्षा का टेस्ट करने के लिए टेस्ट से सकारात्मक अंतरिम डेटा प्राप्त हुआ है।

## अगले पांच साल तक ज्यादा पड़ेगी गर्मी की मारः बाढ़, सूखा और आग के टूटेंगे सारे रिकॉर्ड; WMO की चौंकाने वाली रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व मौसम संगठन ने वैश्विक तापमान को लेकर एक नई रिपोर्ट पेश की है, जिसके मुताबिक साल 2025 से लेकर 2029 के बीच पृथ्वी का औसतन तापमान औद्योगिक युग से पहले (1850-1900) के मुकाबले 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने की 70त्न संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच सालों से से कोई एक साल 2024 से भी ज्यादा गर्म होने की 80% संभावना जताई गई है। 2024 अब तक का सबसे गर्म साल रहा है। बता दें, धरती के तापमान में लगातार वृद्धि होती जा रही है।



2024 रहा अब तक का सबसे गर्म साल- WMO की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 के आधार स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। 2015 में पेरिस जलवायु सम्मेलन में देशों ने वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का रक्ष्य रखा था, ताकि जलवायु परिवर्तन के सबसे खतरनाक प्रभावों से बचा जा सके।

WMO की रिपोर्ट में क्या है- 2025 से 2029 तक हर साल औसत वैश्विक तापमान 1850-1900 के मुकाबले 1.2 से लेकर 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक होने की उम्मीद है।

इन पांच सालों में से किसी एक साल का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की 86त्न संभावना है।

# भारत के लिए चिंता की बात: पाकिस्तान अमेरिका की नकल पर आमादा, बनाएगा क्रिप्टो करेंसी का रिजर्व



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रिप्टो करेंसी के मामले में पाकिस्तान बिल्कुल अमेरिका के नक्शे कदम पर भी चल रहा और उसी की तरह तेजी दिखाते हुए उसकी नकल भी कर रहा है। पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) के सीईओ बिलाल बिन साकिब ने लॉस वेगास में 27 से 29 मई तक आयोजित बिटकाइन कांफ्रेंस में एलान किया कि पाकिस्तान भी स्ट्रैटेजिक बिटक्वाइन रिजर्व बनाएगा।

बिटक्वाइन सबसे प्रचलित और चर्चित क्रिप्टो करेंसी है। इस करेंसी का रिजर्व बनाना कुछ वैसा ही है, जैसे आपातकालीन स्थिति के लिए कई देश पेट्रोलियम का रिजर्व (भंडार) बनाते हैं। बिलाल ने अपने इस फैसले के लिए अमेरिका से प्रेरित होने के लिए उसे धन्यवाद भी दिया।

क्रिप्टो एंड ब्लॉकचेन मंत्रालय का दिया गया प्रभार- ब्रिटिश मूल के पाकिस्तानी नागरिक बिलाल को इसी मार्च में आननफानन गठित पीसीसी का सीईओ बनाया गया था। तीन दिन पहले उसे मंत्री का दर्जा देने के साथ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का विशेष सहायक भी बनाया गया।

## 45 फीसदी हरी, 50 प्रतिशत खाकी..., अब नए डिजिटल पैटर्न यूनिफॉर्म में दिखेंगे BSF के जवान



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिक्योरिटी फोर्स के जवान जल्द ही कॉम्बैट ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जा रहा है ड्रेस का पैटर्न डिजिटल पैटर्न पर आधारित होगा। सेना और सीआरपीएफ की तरह BSF का ड्रेस पैटर्न अब डिजिटल होगा। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल पैटर्न और वर्दी का रंग तय हो चुका है और उम्मीद है कि जवान एक साल के अंदर नई कॉम्बैट ड्रेस में नजर आएंगे।

इससे पहले 2022 में, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना ने अपने-अपने बलों के लिए डिजिटल वर्दी पेश की थी। पहले बीएसएफ वर्दी 50% कॉटन और 50% पॉलिएस्टर से बनी होती थी, जबकि नई वर्दी 80% कॉटन, 19% पॉलिएस्टर और 1% स्पैन्डेक्स से बनी होगी, यह अलग-अलग मौसम में जवानों के लिए काफी आरामदायक और हवादार होगी।

कैसा होगा कलर- स्पैन्डेक्स मटीरियल इसकी स्ट्रेचेबिलिटी और लोच सुनिश्चित करेगा। अधिकारियों ने बताया कि रंग के मामले में नई वर्दी 50% खाकी, 45% हरा और 5% ब्राउन रंग की होगी।

दरअसल पहले के कॉम्बैट ड्रेस में पैटर्न कपड़ के ऊपर प्रिंट होता था, जिस वजह से ये ज्यादा मजबूत नहीं होता था।

## यह एक राष्ट्रीय जीत है, ऑपरेशन सिंदूर पर एअर चीफ मार्शल का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस प्रकार से पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को जवाब दिया है, इसे लेकर पूरी दुनिया में चर्चा है। दुनिया ने भारतीय सेना का पराक्रम देखा।

भारतीय वायु सेना के एअर मार्शल चीफ अमर प्रीत सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बयान दिया है। CII वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए एअर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर को रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं। यह एक राष्ट्रीय जीत है।

सच्चाई हमारे साथ थी- उन्होंने कहा, मैं यहां मौजूद हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय ने इस जीत में योगदान दिया है। जैसा कि बार-बार कहा गया है, यह एक ऐसा ऑपरेशन था जिसे सभी एजेंसियों, सभी बलों द्वारा बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया था। हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई एक साथ होती है तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।÷

एअर मार्शल चीफ ने कहा, हम सत्य के मार्ग पर चल रहे थे, मुझे लगता है इसमें भगवान भी हमारे साथ थे। मुझे यकीन है हर भारतीय चाहता था और इस जीत की ओर देख रहा था।

## जोधाबाई से नहीं, दासी की बेटी से हुई थी अकबर की शादी, राजस्थान के राज्यपाल का बड़ा दावा




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बुधवार को उदयपुर स्थित कुम्भा सभागार में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में इतिहास को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रारंभिक इतिहास विदेशियों द्वारा लिखा गया, जिसमें कई झूठे तथ्य शामिल हैं। राज्यपाल ने अकबरनामा का हवाला देते हुए कहा कि उसमें अकबर ने अपनी शादी का कोई उल्लेख नहीं किया है।

झूठ है जोधा-अकबर की शादी- राज्यपाल बागडे ने आमेर की राजकुमारी जोधा बाई और अकबर के विवाह को भी झूठा बताया। उन्होंने कहा कि राजा भारमल ने अकबर का विवाह एक दासी की बेटी से कराया था, न कि राजकुमारी से। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जानकारी उन्होंने सुनी है, स्वयं पढ़ी नहीं है।

जोधा-अकबर विवाह का जिक्र नहीं-कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि अकबर के आत्मचरित में न तो जोधा से विवाह का उल्लेख है और न ही महाराणा प्रताप द्वारा अकबर को संधि-पत्र लिखने का कोई प्रमाण है। उन्होंने इतिहास की किताबों में अकबर की तुलना में महाराणा प्रताप को कम महत्व दिए जाने पर चिंता व्यक्त की।

तो कुछ और होती भारत की तस्वीर- प्रताप गौरव केंद्र में राज्यपाल ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यदि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी समकालीन होते, तो भारत की तस्वीर ही कुछ और होती।

इसके अलावा राज्यपाल ने भारत-पाक सीमा पर बसे ग्रामीणों की देशभक्ति की सराहना करते हुए उन्हें असली भारत का प्रतीक बताया।

## आईटी कंपनी की धोखाधड़ी, नौकरी का ऑफर देकर सड़े हुए अंडे खाने के लिए किया मजबूर




नई दिल्ली (एजेंसी)। आईटी कंपनी से जुड़ा एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बता दें कि यहां कर्मचारियों को एक हफ्ते से अधिक समय तक फ्रिज में रखे सड़े हुए बत्तख के अंडे खाने के लिए मजबूर किया जाता है। इससे भी बुरा यह हुआ कि जो लोग बदबूदार, सड़े हुए अंडे खाने से इनकार करते थे उन्हें बिजली के झटके दिए जाते थे।

ये पीड़ा का एक भयावह रूप है जिसका इस्तेमाल उन मजबूर लोगों को दंडित करने के लिए किया जाता है जो इंटरनेट घोटालों का विरोध करते हैं या धोखाधड़ी के लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहते हैं।

भारतीय सरकार ने 540 नागरिकों को बचाया - मार्च में, भारतीय सरकार ने 540 नागरिकों को बचाया जिन्हें नौकरी के प्रस्तावों के लालच में म्यांमार में तस्करी करके लाया गया था। पीड़ित तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, बिहार, राजस्थान, केरल और तमिलनाडु सहित कई राज्यों से थे। उनमें से 65 भारतीय कर्मचारी थे, जो ऐसी ही एक कंपनी में लगातार दुर्व्यवहार सहने के बाद हड़ताल पर चले गए थे। 11 और 12 मार्च को दिल्ली में वापस आने पर, उन्होंने सीबीआई के साथ भयावह अनुभव शेयर किए, जिसमें बताया गया कि कैसे उन्हें म्यांमार के म्यावाडी क्षेत्र में भर्ती किया गया, ले जाया गया और प्रताड़ित किया गया।

तस्करी करके लाया गया- उनमें से एक, करीमनगर जिले के मनकोंदूर के रंगमपेटा के 31 साल के कोक्किराला मधुकर रेड्डी ने अपना अनुभव शेयर किया है कि 18 दिसंबर, 2024 को बैंकॉक पहुंचने के बाद, उन्हें एक आईटी नौकरी के बहाने म्यावाडी में तस्करी करके लाया गया।

## कुत्ते ने लिफ्ट में पड़ोसी को काटा, कोर्ट ने मालिक को सुनाई 4 महीने की सजा; जुर्माना भी लगाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में आए दिन कुत्ते के काटने के मामले सामने आते रहते हैं। कुत्ते कई बार इतने ज्यादा खतरनाक रूप ले लेते हैं कि अपने मालिक की जान ले लेते हैं। ऐसा ही एक मामला मुंबई से सामने आया है, जहां कोर्ट ने कुत्ते के मालिक को सजा दे दी है। मुंबई के वर्ली के एक 40 साल के व्यक्ति को चार महीने के जेल की सजा सुनाई गई है, क्योंकि उसके पालतू कुत्ते ने अपार्टमेंट की लिफ्ट के अंदर अपने पड़ोसी को काट लिया था।

कोर्ट ने सुनाई सजा- ऋषभ पटेल नामक व्यक्ति को पशु के साथ लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी ठहराया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट सुहास भोसले ने फैसला सुनाते हुए कहा कि वह पटेल के साथ इस मामले में नरमी नहीं बरतेंगे।

सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए जज ने कहा, जिसे तरह से आरोपी ने अपने पालतू जानवर को लिफ्ट के अंदर खींचा, उससे पता चलता है कि वह अपने पालतू जानवर के प्रति सतर्क नहीं था। उसने पीड़ित की बात को गंभीरता से नहीं लिया देने और उसके बेटे की परवाह नहीं की। वहीं अपने पालतू जानवर को लिफ्ट के अंदर खींच लिया।

बेटे के साथ नीचे जा रहा था पड़ोसी- पीड़ित वर्ली के अल्फा अपार्टमेंट में रहने वाले रामिक शाह, अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ चौथी मंजिल से नीचे जा रहे थे। जब लिफ्ट तीसरी मंजिल पर रुकी, तो ऋषभ पटेल अपने कुत्ते के साथ खड़ा था। रामिक शाह ने कहा कि उन्होंने ऋषभ पटेल से रुकने का अनुरोध किया, यह समझाते हुए कि उनका बेटा सिनोफोबिक (कुत्तों से डरता है) है। हालांकि, पटेल ने कथित तौर पर अनुरोध को नजर अंदाज कर दिया और उन्हें बाहर निकलने का भी टाइम नहीं दिया।

वहीं उन्होंने अपने कुत्ते को लिफ्ट में खींच लिया, इस वजह से कुत्ते ने रामिक शाह के बाएं भाग को काट लिया। घटना के बाद शाह उनका बेटा और सहायक लिफ्ट से बाहर निकल गए, लेकिन पटेल ने उनका पीछा किया और शाह को जो करना है वह करने की चुनौती दी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृतीया

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



## संपादकीय

# पिछले कुछ वर्षों से युद्ध का एक दौर सा चल पड़ा है, जिसका सटीक उदाहरण रूस-यूक्रेन हमास -इजरायल भारत-पाकिस्तान....



वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से युद्ध का एक दौर सा चल पड़ा है, जिसका सटीक उदाहरण रूस-यूक्रेन हमास -इजरायल भारत-पाकिस्तान अमेरिका-ईरान चीन अमेरिका तनाव इत्यादि से लेकर पाक-तालिबान जैसे एशिया के देशों में भी संबंध कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं यानें मेरा मानना है कि आज कोई भी देश किसी बड़े देश के खिलाफ़ डेरिंग से खड़े हैं, व न्यूक्लियर वेपंस केमिकल व बायोलॉजिकल वेपंस की धौंस दिखा रहे हैं,मैं समझता हूं यह सब अकेले के दम पर नहीं किया जा सकता उसके पीछे किन्हीं देश या देशों का समूह एक ग्रुप या लॉबी बनकर खड़ा हो सकती है,जिसकी सटीकता हमें हमास-इजराइल रूस-यूक्रेन पाक जैसे देश अपने से कई गुना ताकत रखने वाले देशों से लड़ते हैं मतलब साफ है इनके पीछे कोई लाबी या ताकत बनकर खड़े हैं। भारत पाक के करीब चार दिन चले तनातनी युद्ध में भी पाक के पीछे तुर्की,चीन के खड़े होने के संकेत मिले हैं। आज हम यह विषय इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि अभी 2 दिन पहले अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा जारी विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025 आई है जिसमें अन्य बातों के अलावा कहा गया है कि चीन-पाक की सैन्य और आर्थिक मदद की रीड की हड्डी बन गया है, मतलब साफ है कि भारत व अब पाक की नहीं बल्कि चीन से युद्ध की रणनीति पर काम करना होगा, इस आशंका को उपरोक्त रिपोर्ट 2025 में भी दर्शाया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,चीन पाक की आर्थिक मदद की रीड की हड्डी बन गया है,व विश्व में न्यूक्लियर वेपंस बायोलॉजिकल, केमिकल हथियारों का विस्तार पृथ्वी पर निवासी जीव की विलुप्तता का कारण बनने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम विश्व खतरा आंकलन रिपोर्ट 2025 की करें तो, भारत की विदेश और रक्षा नीति लंबे समय से पाकिस्तान केंद्रित रही है, लेकिन अमेरिकी रक्षा इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की ताज़ा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब भारत चीन को अपना मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानता है, रिपोर्ट के अनुसार, पाक को अब केवल एक एंसीलरी (सहायक) खतरा समझा जा रहा है,रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है, भारतीय पीएम की रक्षा प्राथमिकताएं अब वैश्विक नेतृत्व, चीन का मुकाबला और भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने पर केंद्रित हैं,यह रणनीति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को आकार देने की दिशा में है।रिपोर्ट में मई 2025 के भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव और पहलगाम हमले जैसे घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि÷पाकिस्तान की भूमिका क्षेत्रीय अस्थिरता में बनी हुई है, लेकिन भारत की असली रणनीतिक तैयारी चीन को लेकर हो रही है, यह स्थिति भारत की रक्षा नीतियों के रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, चीन के साथ भारत का सीमा विवाद वर्षों से चला आ रहा है, विशेषकर लद्दाख क्षेत्र में,भले ही अक्टूबर 2024 में डिसइंगेजमेंट पर समझौता हुआ हो, लेकिन विवाद समाप्त नहीं हुआ है. यह सिर्फ एक रणनीतिक विराम है।अमेरिकी रिपोर्ट मैं बताया गया है कि पाकिस्तान अपना परमाणु जखीरा मॉडर्न बना रहा,चीन उसे हथियार सप्लाई कर रहा, मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूस पर निर्भर है, पाकिस्तान, अपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है। इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है,वहीं भारत, पाक को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है, जिसे संभाला जा सकता है।

# गुरु अर्जन देव



गुरु अर्जन देव सिक्खों के पाँचवें गुरु थे। ये 1 सितम्बर, 1581 ई. में गद्दी पर बैठे। गुरु अर्जन देव का कई दृष्टियों से सिक्ख गुरुओं में विशिष्ट स्थान है। गुरु ग्रंथ साहब आज जिस रूप में उपलब्ध है, उसका संपादन इन्होंने ही किया था। गुरु अर्जन देव सिक्खों के परम पूज्य चौथे गुरु रामदास के पुत्र थे। गुरु नानक से लेकर गुरु रामदास तक के चार गुरुओं की वाणी के साथ-साथ उस समय के अन्य संत महात्माओं की वाणी को भी इन्होंने गुरु ग्रंथ साहब में स्थान दिया।

## जीवन परिचय

गुरु अर्जन देव जी का जन्म 18 वैशाख 7 संवत 1620 (15 अप्रैल सन् 1563) को श्री गुरु रामदास जी के घर बीबी भानी जी की पवित्र कोख से गोइंदवाल अपने ननिहाल घर में हुआ। अपने ननिहाल घर में ही पोषित और जवान हुए। इतिहास में लिखा है एक दिन ये अपने नाना श्री गुरु अमर दास जी के पास खेल रहे थे तो गुरु नाना जी के पलंग को आप पकड़कर खड़े हो गए। बीबी भानी जी आपको ऐसा देखकर पीछे हटाने लगी। गुरु जी अपनी सुपुत्री से कहने लगे बीबी! यह अब ही गद्दी लेना चाहता है मगर गद्दी इसे समय डालकर अपने पिताजी से ही मिलेगी। इसके पश्चात् गुरु अमर दास जी ने अर्जन जी को पकड़कर प्यार किया और ऊपर उठाया। आपका भारी शरीर देखकर वचन किया जगत् में यह भारी गुरु प्रकट होगा। बाणी का जहाज़ तैयार करेगा और जिसपर चढ़कर अनेक प्रेमियों का उद्धार होगा। इस प्रकार आपका वरदान वचन प्रसिद्ध है-

## दोहिता बाणी का बोहिथा

बीबी भानी जी ने जब पिता गुरु से यह बात सुनी तो बालक अर्जन जी को उठाया और पिता के चरणों पर माथा टेक दिया। इस तरह अर्जन देव जी ननिहाल घर में अपने मामों श्री मोहन जी और श्री मोहरी जी के घर में बच्चों के साथ खेलते और शिक्षा ग्रहण की। जब आप की उम्र 16 वर्ष की हो गई तो 23 आषाढ़ संवत 1636 को आपकी शादी श्री कृष्ण चंद जी की सुपुत्री गंगा जी तहसील फिल्लोर के मऊ नामक स्थान पर हुई। आपकी शादी के स्थान पर एक सुन्दर गुरुद्वारा बना हुआ है। इस गाँव में पानी की कमी हो गई थी। आपने एक कुआं खुदवाया जो आज भी उपलब्ध है।

## गुरु गद्दी की प्राप्ति

गुरु रामदास जी द्वारा श्री अर्जन देव जी को लाहौर भेजे हुए जब दो वर्ष बीत गए। पिता गुरु की तरफ से जब कोई बुलावा ना आया। तब आपने अपने हृदय की तडप को प्रकट करने के लिए गुरु पिता को चिट्ठी लिखी -

मेरा मनु लोचै गुर दरसन ताई ।।
बिलाप करे चात्रिक की निआई ।।
त्रिखा न उतरै संति न आवै बिनु दरसन संत पिआरे जीउ ।। 1 ।।
हउ घोली जीउ घोली घुमाई गुर दरसन संत पिआरे जीउ ।। 1 ।। रहाउ ।।

जब इस चिट्ठी का कोई उत्तर ना आया तो आपने दूसरी चिट्ठी लिखी -

तेरा मुखु सुहावा जीउ सहज धुनि बाणी ।।
चिरु होआ देखे सारिंग पाणी ।।
धंनु सु देसु जहा तूं वसिआ मेरे सजण मीत मुरारे जीउ ।। 2 ।।
हउ घोली हउ घोल घुमाई गुरु सजण मीत मुरारे जीउ ।। 1 ।। रहाउ ।।

जब इस चिट्ठी का भी उत्तर ना आया तब आपने तीसरी चिट्ठी लिखी -

एक घड़ी न मिलते ता कलियुगु होता ।।
हुणे कदि मिलीए प्रीअ तुधु भगवंता ।।
मोहि रैणि न विहावै नीद न आवै बिनु देखे गुर दरबारे जीउ ।। 3 ।।
हउ घोली जीउ घोलि घुमाई तिसु सचे गुर दरबारे जीउ ।।ब1 ।। रहाउ ।।

गुरुजी ने जब आपकी यह सारी चिट्ठियाँ पड़ी तो गुरुजी ने बाबा बुड्ढा जी को लाहौर भेजकर गुरु के चक बुला लिया। आप जी ने गुरु पिता को माथा टेका और मिलाप की खुशी में चौथा पद उच्चारण किया -

भागु होआ गुरि संतु मिलाइआ ।।
प्रभु अबिनासी घर महि पाइआ ।।
सेवा करी पलु चसा न विछुड़ा जन नानक दास तुमारे जीउ ।। 4 ।।
हउ घोली जीउ घोलि घुमाई जन नानक दास तुमारे जीउ ।। रहाउ ।। 1 ।। 8 ।।

गुरु पिता प्रथाए अति श्रधा और प्रेम प्रगट करने वाली यह मीठी बाणी सुनकर गुरु जी बहुत खुश हुए। उन्होंने आपको हर प्रकार से गद्दी के योग्य मानकर भाई बुड्ढा जी और भाई गुरदास आदि सिखो से विचार करके आपने भाद्र सुदी एकम संवत् 1639 को सब संगत के सामने पांच पैसे और नारियल आपजी के आगे रखकर तीन परिक्रमा करके गुरु नानक जी की गद्दी को माथा टेक दिया। आपने सब सिख संगत को वचन किया कि आज से श्री अर्जन देव जी ही गुरुगद्दी के मालिक हैं। इनको आप हमारा ही रूप समझना और सदा इनकी आज्ञा में रहना।

## गुरुजी की शहीदी

जहाँगीर ने गुरु जी को सन्देश भेजा। बादशाह का सन्देश पड़कर गुरु जी ने अपना अन्तिम समय नजदीक समझकर अपने दस-ग्यारह सपुत्र श्री हरिगोबिंद जी को गुरुत्व दे दिया। उन्होंने भाई बुड्ढा जी, भाई गुरदास जी आदि बुद्धिमान सिखों को घर बाहर का काम सौंप दिया। इस प्रकार सारी संगत को धैर्य देकर गुरु जी अपने साथ पांच सिखों-

भाई जेठा जी, भाई पैड़ा जी, भाई बिधीआ जी, लंगाहा जी, पिराना जी को साथ लेकर लाहौर पहुँचे। दूसरे दिन जब आप अपने पांच सिखों सहित जहाँगीर के दरबार में गए। तो उसने कहा आपने मेरे बागी पुत्र को रसद और आशीर्वाद दिया है। आपको दो लाख रुपये जुर्माना देना पड़ेगा नहीं तो शाही दण्ड भुगतना पड़ेगा। गुरु जी को चुप देखकर चंदू ने कहा कि मैं इन्हें अपने घर ले जाकर समझाऊंगा कि यह जुर्माना दे दें और किसी चोर डकैत को अपने पास न रखें। चंदू उन्हें अपने साथ घर में ले गया। जिसमें पांच सिखों को ड्योढ़ि में और गुरु जी को ड्योढ़ि के अंदर कैद कर दिया। चंदू ने गुरु जी को अकेले बुलाकर यह कहा कि मैं आपका जुर्माना माफ करा दूँगा, कोई पूछताछ भी नहीं होगी। इसके बदले में आपको मेरी बेटी का रिश्ता अपने बेटे के साथ करना होगा और अपने ग्रंथ में मोहमद साहिब की स्तुति लिखनी होगी। गुरु जी ने कहा दीवान साहिब! रिश्ते की बाबत जो हमारे सिखों ने फैसला किया है, हम उस पर पाबंध हैं। हमारे सिखों को आपका रिश्ता स्वीकार नहीं है। दूसरी बात आपने मोहमद साहिब की स्तुति लिखने की बात की है यह भी हमारे वश की बात नहीं है। हम किसी की खुशी के लिए इसमें अलग कोई बात नहीं लिख सकते। प्राणी मात्र के उपदेश के लिए हमें करतार से जो प्रेरणा मिलती है इसमें हम वही लिख सकतें हैं।

## शरीर त्यागने का समय

गुरु जी का यह उत्तर सुनते ही चंदू भड़क उठा। उसने अपने सिपाहियों को हुकम दिया कि इन्हें किसी आदमी से ना मिलने दिया जाए और ना ही कुछ खाने पीने को दिया जाए। दूसरे दिन जब गुरु जी ने चंदू की दोनों बाते मानने से इंकार कर दिया तो उसने पानी की एक देग गर्म करा कर गुरु जी को उसमें बिठा दिया। गुरु जी को पानी की उबलती हुई देग में बैठा देखकर सिखों में हाहाकार मच गई। वै जैसे ही गुरु जी को निकालने के लिए आगे हुए, सिपाहियों ने उनको खूब मारा। सिखों पार अत्याचार होते देख गुरु जी ने उनको कहा, परमेश्वर का हुकम मानकर शांत रहो। हमारे शरीर त्यागने का समय अब आ गया है। जब गुरु जी चंदू की बात फिर भी ना माने, तो उसने गुरु जी के शरीर पार गर्म रेत डलवाई। परन्तु गुरु जी शांति के पुंज अडोल बने रहे तेरा भाना मीठा लागे हरि नाम पदार्थ नानक मांगै पड़ते रहे।7 देखने और सुनने वाले त्राहि-त्राहि कर उठे, परन्तु कोई कुछ भी नहीं कर पाया। गुरु जी का शरीर छालों से फूलकर बहुत भयानक रूप धारण कर गया। तीसरे दिन जब गुरु जी ने फिर चंदू की बात मानी, तो उसने लोह गर्म करवा कर गुरु जी को उसपर बिठा दिया। गुरु जी इतने पीड़ाग्रस्त शरीर से गर्म लोह पर प्रभु में लिव जोड़कर अडोल बैठे रहे। लोग हाहाकार कर उठे।

## ज्योति-ज्योत समाना

जब दिन निकला तो चंदू फिर अपनी बात मनाने के लिए गुरु जी के पास पहुँचा। परन्तु गुरु जी ने फिर बात ना मानी। उसने गुरु जी से कहा कि आज आपको मृत गाए के कच्चे चमड़े में सिलवा दिया जाएगा।

# सोने के गहने नहीं, इनमें बढ़ी निवेशकों की रुचि, आगे कीमत कम होगी या ज्यादा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोना सिर्फ निवेश का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों की भावनाएं भी जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि भारत में सोने की कीमत बढ़ने के बाद भी लोग सोने से बने गहने, सिक्के और बार खरीदना पसंद करते हैं। रेटिंग एजेंसी ICRA के अनुसार इस वित्त वर्ष 2025-26 में सोने की बढ़ती कीमत के बाद भी मूल्य के आधार पर सोने की बिक्री बढ़ेगी। हालांकि मात्रा के लिहाज से कुल सोने की बिक्री में कमी आ सकती है। इस रिपोर्ट में कई और बातें भी सामने आई हैं। आइए इसे एक-एक करके समझते हैं।

सोने की कीमत, डिमांड और निवेशकों का रुझान- ICRA ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में गोल्ड ज्वैलरी की डिमांड (मूल्य के आधार पर) में 12 से 14 फीसदी की बढ़ोतरी आ सकती है। हालांकि लोग अब सोना कम मात्रा में खरीद रहे हैं। मसलन पहले कम कीमत के चलते अगर कोई 20 ग्राम सोना ले रहा था, तो अब बढ़ती कीमत की वजह से उसने ये मात्रा घटाकर 10 ग्राम कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए गोल्ड ज्वैलरी की मात्रा के आधार पर बिक्री में 9त्न से 10% की गिरावट आ सकती है। ऐसा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी देखा गया था। तब गोल्ड ज्वेलरी की मात्रा में 7 फीसदी की गिरावट हुई थी।

सोने के सिक्के और बार की तरफ बढ़ा रुझान- रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अब ज्यादा मात्रा में सोने से बने सिक्के और बार खरीदने लगे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में सिक्के और बार की खरीदारी (मात्रा) में 10 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। पिछले वित्त वर्ष इसमें 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बढ़ोतरी के बाद सोने की कुल बिक्री में सिक्के और बार की हिस्सेदारी बढ़कर 35 फीसदी हो जाएगी।

बढ़ती कीमत के बाद भी लोग सोने में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। क्योंकि विश्व अर्थव्यस्था में अनिश्चितता बढ़ रही है, जिसकी वजह से लोग सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की ओर बढ़ रहे हैं।

मांग से क्या पड़ेगा कीमत पर प्रभाव?- पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में सोने की कीमत में 33 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। वही पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले इस साल इसमें करीब 20 फीसदी बढ़ोतरी की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीमत बढ़ने के बावजूद लोग सोने में निवेश करेंगे, जिससे इसकी वैल्यू भी बढ़ेगी।

## अगले महीने बदल जाएंगे ये नियम, आपकी जेब पर कितना होगा असर?




नई दिल्ली (एजेंसी)। जून के महीने में कई नियमों में बदलाव हो सकता है। इन बदलाव का आपकी जेब पर इनडायरेक्ट असर पड़ सकता है। अगले महीने बैंक एफडी और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम बदल सकते हैं। इसके साथ ही ईपीएफओ की ओर से EPFO 3.0 शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही LPG सिलेंडर के प्राइस रिवाइज किए जाएंगे। आइए इनके बारे में विस्तार से बात करते हैं।

EPFO 3.0 होगा शुरू- ईपीएफओ जून में ईपीएफओ 3.0 शुरू करने जा रही है। EPFO 3.0 का उद्देश्य लाभार्थी को सुविधाजनक सेवा प्रदान करना है। EPFO 3.0 के जरिए एटीएम से पैसे निकालना, पीएफ से जुड़ा डेटा अपडेट जैसी सुविधाएं और बेहतर हो जाएगी।

ब्र्याज दरों में होगा बदलाव- अगले महीने बैंक अपने एफडी और लोन ब्याज फिर से रिवाइज कर सकती है। क्योंकि जून में हमारे देश की केंद्रीय बैंक नए रेपो रेट की घोषणा करेगी। अनुमान है कि रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट और भी कटौती की जा सकती है। इससे लोन और एफडी की ब्याज दर पर असर देखने को मिलेगा।

क्रेडिट कार्ड में होगा बदलाव- कोटक महिंद्रा बैंक ने क्रेडिट कार्ड को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये नियम 1 जून 2025 से लागू होंगे।

## हर शेयर पर 33 रुपये का डिविडेंड देगी कमिंस इंडिया, आपके पास अब भी मौका; बस इस तारीख से पहले खरीदना होगा शेयर




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार आज तेजी के साथ खुला लेकिन सारी बढ़त गंवाकर कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है. हालांकि, इस बीच बाजार में स्टॉक स्पेसिफिक एक्शन देखने को मिल रहा है. गिरते बाजार में कमिंस इंडिया के शेयर 7 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए हैं। डीजल और सीएनजी इंजन बनाने वाली कंपनी कमिंस इंडिया के शेयरों में यह तेजी चौथी तिमाही के नतीजे जारी होन के बाद आई है। एक्सचेंज को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ में 7.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 521.37 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक्सपोर्ट डिमांड में लगातार वृद्धि के कारण ऑपरेशन से रेवेन्यू 6.1 प्रतिशत बढ़कर 2,457 करोड़ रुपये हो गया।

तिमाही नतीजों के जारी होने के बाद कमिंस इंडिया के शेयर सुबह बढ़त के साथ खुले और 7 फीसदी तक चढ़ गए। कमिंस इंडिया के शेयर 3000 रुपये के स्तर पर खुले और इंट्रा डे में 3196 रुपये का हाई लगाया. फिलहाल, 3178 रुपये के लेवल पर कारोबार कर रहे हैं।

डिविडेंड के ऐलान से शेयरों में तेजी- कमिंस इंडिया के शेयरों में पिछले साल दिसंबर से गिरावट का दौर शुरू हुआ, और यह 3691 रुपये के स्तर से टूटकर 2711 रुपये तक पहुंच गए थे। इस साल फरवरी से कंपनी के शेयर 3000 से 2800 रुपये के सीमित दायरे में कारोबार कर रहे थे. अब शेयरों ने लंबी छलांग लगाते हुए 3100 रुपये के लेवल को पार कर लिया है।

कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 25 के लिए 33.50 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है और इसका भुगतान 2 सितंबर के आसपास किए जाने की उम्मीद है।

क्या है कंपनी का कारोबार- कमिंस इंडिया, देश में पावर सॉल्यूशन मुहैया कराने वाली एक टॉप कंपनी है, जो मुख्य रूप से डीजल और नेचुरल गैस इंजन व उससे संबंधित प्रोडक्ट्स तैयार करती है।

कमिंस इंडिया लिमिटेड मुख्य रूप से इंजन, पावर सिस्टम और कंपोनेंट बनाती और वितरित करती है। कमिंस इंडिया की औद्योगिक और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में भी मजबूत उपस्थिति है।

## तेजी से भागे जा रहे MMTC के शेयर, कंपनी का मुनाफा चौपट




नई दिल्ली (एजेंसी)। मंथली एक्सपायरी के दिन आज शेयर बाजार में गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है, लेकिन कुछ शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है, इनमें MMTC (मिनरल्स एंड मेटलस ट्रेडिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड) के शेयर शामिल हैं। इंट्रा डे में एमएमटीसी के शेयर 14 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए हैं। इस सरकारी कंपनी के शेयरों में यह तेजी खराब नतीजे पेश करने के बावजूद आई है। एमएमटीसी की ओर से एक्सचेंज को दी गई फाइलिंग के अनुसार, मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 96.8 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ सिर्फ़ 2.23 करोड़ रह गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 69.78 करोड़ था। कंपनी के रेवेन्यू में भी 64 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 0.64 करोड़ से घटकर 0.23 करोड़ रह गया।

खराब नतीजे, फिर भी शेयरों में तेजी- कंपनी का खराब प्रदर्शन और कमजोर फंडामेंटल के बावजूद, शेयरों में निवेशकों का रुझान बढ़ा है। हाल के महीनों में इस पीएसयू स्टॉक में तेज़ी से उछाल आया है. खास बात है कि अकेले मई में एमएटीसी के शेयरों में लगभग 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फिलहाल, एमएमटीसी के शेयर 79.55 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं, इससे पहले 80 रुपये का स्तर जनवरी 2025 में छुआ था।

# अपने ही देश के कानूनी पेंच में उलझ गया ट्रंप का 'टैरिफ वॉर', भारत को इससे क्या फायदा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब पांच दर्जन देशों पर 2 अप्रैल को जो रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, उसे वहां के कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने गैरकानूनी ठहरा दिया है। ट्रंप ने अपने इस आदेश के तहत भारत पर 26% टैरिफ लगाया था। आइए जानते हैं क्या है वह कानून जिसके तहत कोर्ट ने ट्रंप के आदेश को गलत बताया है।

रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा करते हुए ट्रंप ने उस दिन को 'लिबरेशन डे' यानी मुक्ति दिवस बताया था। लेकिन अमेरिकी उद्योगपतियों के विरोध और वहां शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर अमल को दो महीने के लिए टाल दिया था। हालांकि सभी देशों के आयात पर 10त्न शुल्क लगा दिया। रेसिप्रोकल टैरिफ 57 देशों पर लगाया गया और यह हर देश के खिलाफ अलग था।

क्या है इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट- ट्रंप ने एक विशेष कानून के तहत विभिन्न देशों पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने की घोषणा की थी। वह कानून है इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट। यह कानून 1977 में लागू हुआ था। इसमें राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को रेगुलेट करने का अधिकार दिया गया है। अगर अमेरिका के लिए असाधारण खतरा उत्पन्न होने पर राष्ट्रपति इस अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस कानून का पहली बार इस्तेमाल 1979 में किया गया था, जब ईरान में अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों को बंधक बना लिया गया। अमेरिका की कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की जनवरी 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से पहले, 15 जनवरी 2024 तक विभिन्न राष्ट्रपतियों ने 69 बार इस एक्ट का इस्तेमाल किया।

## 5 गुना बढ़ा इस सरकारी कंपनी का मुनाफा, 3% तक उछले शेयर, शेयरधारकों को मिलेगा डिविडेंड



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के शेयरों में आज 3 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी गई। हालांकि, 131.80 रुपये का हाई लगाकर अब शेयर 129.43 रुपये के स्तर पर हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।दरअसल, SAIL के शेयरों में यह तेजी चौथी तिमाही के नतीजे जारी होने के बाद आई है, जिसमें कंपनी ने बताया कि तिमाही आधार पर उसका मुनाफा करीब 5 गुना बढ़ गया है। जनवरी-मार्च तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 393% बढ़कर 1,251 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 254 करोड़ रुपये था। मजबूत इनकम ग्रोथ और कम खर्च व्यय के कारण कंपनी के प्रॉफिट में यह बढ़ोतरी हुई।

चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 20 प्रतिशत बढ़कर 29,316 करोड़ रुपये हो गया, जो तीसरी तिमाही में 24,490 करोड़ रुपये था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# बीमा कंपनी ने इलाज का खर्च देने से किया इनकार, अब देना होगा इतना हर्जाना

भोपाल। अक्सर लोग स्वास्थ्य बीमा इसलिए करवाते हैं, ताकि जब कभी बीमारी उन्हें घेरे तो इलाज के लिए आर्थिक तौर पर परेशान न होना पड़े। उपचार के दौरान बीमा बड़ा मददगार साबित होता है। लेकिन कई बार बीमा कंपनी अलग-अलग बहाना बनाकर राशि देने से इनकार कर देती है। ऐसे ही मामले में जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-2 ने निर्णय सुनाया है।

बता दें कि भोपाल के चुनाभट्टी निवासी संजय प्रकाश तिवारी ने जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-2 में मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और बंसल अस्पताल के खिलाफ 2019 में याचिका लगाई थी। इसमें शिकायत की थी कि उपभोक्ता ने एक कैशलेस ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी अपने और अपनी पत्नी के लिए लिया था। जिसके लिए




39,621 रुपये प्रीमियम राशि का भुगतान किया गया था।बीमा की अवधि में ही उपभोक्ता के बाएं घुटने को बदलने के लिए सर्जरी हुई। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और इलाज में करीब 2.43 लाख रुपये खर्च हुए। जब उपभोक्ता की ओर से बीमा कंपनी से कैशलेस पॉलिसी के तहत राशि की मांग की गई तो बीमा कंपनी में देने से इनकार कर दिया।

इस याचिका की सुनवाई आयोग की अध्यक्ष गिरिबाला सिंह और सदस्य अंजुम फिरोज की बेंच ने की। बेंच ने उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए बीमा कंपनी पर करीब 2.58 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है।बीमा कंपनी का तर्क किया खारिज

बीमा कंपनी ने आयोग में तर्क रखा था कि उपभोक्ता ने बीमा लेते समय यह बात छुपाई थी कि उन्होंने 2012 में बेरिएट्रिक सर्जरी करवाई थी। साथ ही यह जानकारी भी छुपाई थी कि उपभोक्ता पिछले पांच वर्ष से हाइपरटेंशन से पीड़ित था। इस कारण उनके क्लेम को निरस्त किया गया।वहीं मामले में उपभोक्ता ने तर्क रखा कि उन्होंने किसी भी बीमारी को छुपा कर बीमा नहीं लिया, बल्कि सभी के दस्तावेज भी जमा किए थे। आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया और बीमा कंपनी को फटकार लगाई। आयोग ने कहा कि बीमित अवधि में कंपनी का दायित्व है कि बीमार होने पर इलाज में खर्च हुई पूरी राशि का वहन करे।

### अस्पताल को नहीं माना दोषी

उपभोक्ता की ओर से मामले में हस्पताल को भी गयाएक पक्ष बनाया था, लेकिन आयोग ने अस्पताल को दोषी नहीं माना। केवल कंपनी के खिलाफ ही फैसला सुनाया है। इस कारण बीमा कंपनी को इलाज में खर्च हुए करीब 2,43,200 रुपये और 15 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति राशि देना होगा।

## भोपाल एम्स का क्रांतिकारी कदम, लॉन्च किया कोड इमरजेंसी ऐप...अब कोई भी बचा सकता है जान



भोपाल। एम्स भोपाल ने गुरुवार को वर्ल्ड इमरजेंसी डे के अवसर पर एक गेम-चेंजिंग मोबाइल ऐप कोड इमरजेंसी लॉन्च किया है। यह ऐप आम नागरिकों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है। इस ऐप का शुभारंभ एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डा. अजय सिंह ने किया। कोड इमरजेंसी ऐप एम्स भोपाल की वन स्टेट वन हेल्थ वन इमरजेंसी पालिसी पर आधारित है, जिसे 2024 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने शुरू किया था। इस ऐप की सबसे खास बात यह है कि इसे बेहद आसान तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है।

### हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध है ऐप

यह ऐप हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। एक बार डाउनलोड करने के बाद यह बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी काम करता है, जो आपातकालीन स्थितियों में बेहद फायदेमंद है। ऐप में आडियो-विजुअल गाइडलाइन्स दी गई हैं, जिनकी मदद से कोई भी व्यक्ति कहीं भी सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देकर किसी की जान बचा सकता है। इसमें सभी उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त निर्देश शामिल हैं। इसमें एक ड्रापडाउन मेनू भी है, जिससे आप विभिन्न आपातकालीन स्थितियों और बीमारियों के बारे में आसानी से जानकारी पा सकते हैं।

# फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा पर लगा आरोप, जबलपुर में पड़ोसी की कार पर मारे स्क्रैच






जबलपुर । जबलपुर के गोरखपुर थाना क्षेत्र निवासी फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा उर्फ बॉबी बॉबी पर पड़ोसी की कार को खरोचकर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है। इसकी शिकायत उनके पड़ोस में रहने वाले बंटी गुप्ता ने पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जबलपुर में फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा उर्फ बॉबी के खिलाफ पड़ोसी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन पर सड़क पर खड़ी कार में स्क्रेच मारने के आरोप हैं। पड़ोसी ने एक सीसीटीवी भी पुलिस को सौंपा है, जिसमें दावा कर रहे हैं उनकी कार में स्क्रेच मारने वाला शख्स विवेक शर्मा ही है।पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिए

गोरखपुर निवासी बंटी गुप्ता ने बुधवार की रात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को शिकायत के साथ घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी दिए हैं। उन्होंने दावा किया है की वीडियो फुटेज में दिख रहा व्यक्ति विवेक शर्मा है।

वे मंगलवार देर रात अपनी कार से जबलपुर पहुंचे थे। इस दौरान सड़क किनारे खड़ी कार को देखकर वे इतने गुस्सा हो गए। नाराज होकर कार के आगे और पीछे के कांच को किसी नुकीली वस्तु से खरोच दिया।

अराजक तरीके से खड़ी कर देते हैं कार

पड़ोसी बंटी गुप्ता का आरोप है कि विवेक शर्मा अक्सर मुंबई में रहते हैं, जब भी जबलपुर आते हैं तो अराजक तरीके से कर खड़ी कर देते हैं। विरोध करने पर अपना प्रभाव बताते है। विवेक शर्मा महेश भट्ट के साथ सहायक निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं हम हैं राही प्यार के डुप्लीकेट, भूतनाथ जैसी फिल्मों के लिए उन्होंने काम किया है।

## फर्जी दस्तावेज पर लोन दिलाने वाला गिरोह का भंडाफोड़, चार लोगों से कर चुके हैं 86 लाख रुपये की ठगी



ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से फर्जी दस्तावेज पर लोन दिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले की पड़ताल के बाद पुलिस ने कंपनी के डीएसए (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट), महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से विभिन्न संस्थानों की नकली सील, फर्जी दस्तावेज, एक लैपटाप, स्कैनर, प्रिंटर और अन्य सामग्री बरामद हुए हैं। ऐसे हुआ मामले का खुलासा?

संजीव शर्मा नामक युवक ने शिकायत की थी, कि उसके दस्तावेज की कूटरचना कर बिना उनकी जानकारी के 27 लाख का लोन निकाला गया। इस बात का पता उसे भी तब चला जब वह बैंक में ऋण लेने गया। उसे बताया गया कि उसके नाम पर पहले से होम लोन चल रहा है। अब तक क्राइम ब्रांच को चार शिकायतें मिली हैं, जिनमें कुल 86 लाख रुपये की ठगी सामने आई है। आशंका है कि आने वाले दिनों में और भी कई पीड़ित सामने आ सकते हैं।फर्जी व्यक्तियों के नाम पर लेते थे लोन

बताया जाता है कि एक आरोपित पहले मैग्मा फाइनेंस सर्विस में लोन एजेंट के रूप में दस्तावेज कलेक्ट करता था। उन्हीं दस्तावेज की कूटरचना कर एलआइसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के डीएसए के साथ मिलकर फर्जी व्यक्तियों के नाम पर लोन कराता था। लोन के लिए संपत्ति का सत्यापन भी फर्जी रहता था। फर्जी रूप से रजिस्ट्री, फिर उसे मार्डगेज कराकर ऋण पास करा लिया जाता था। बताया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों को टारगेट किया जाता था, जिनका सिबिल स्कोर कम होता था और उस वक्त वे लोन नहीं ले पाते थे।

## डॉक्टर पति की हत्या के मामले में सजा काट रही केमिस्ट्री प्रोफेसर पत्नी, कोर्ट में दलील सुन जज भी हो गए हैरान

छतरपुर। पति की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही केमिस्ट्री की महिला प्रोफेसर की दलील सुन मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज भी हैरान रह गए। इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

जस्टिल विवेक अग्रवाल और जस्टिस देवनारायल मिश्रा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। महिला प्रोफेसर पर आरोप है कि उसने पति को इलेक्ट्रिक शॉक देकर मार दिया। इस मामले में उसको सेशन कोर्ट से उम्रकैद की सजा भी दी गई है।केमिस्ट्री प्रोफेसर की दलील सुन जज हैरान

सुनवाई के दौरान ममता से उनके पति रिटायर डॉक्टर नीरज पाठक को बिजली का करंट देकर हत्या करने के आरोपों के बारे में पूछा गया।उन्होंने बहुत ही शांति से जवाब देते हुए कहा कि माननीय, पोस्टमॉर्टम में थर्मल और इलेक्ट्रिक बर्न्स के बीच अंतर करना संभव नहीं है। जब करंट शरीर से गुजरता है, तो धातु के कण ऊतकों में जम जाते हैं, जिन्हें केवल ॥एरु या नाइट्रिक एसिड में घोलकर लैब में पहचाना जा सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमॉर्टम रूम आमतौर पर इलेक्ट्रिक और थर्मल बर्न्स के बीच अंतर करने के लिए सुसज्जित नहीं होते। उनके इस सटीक और वैज्ञानिक स्पष्टीकरण ने जज को कुछ पल के लिए चौंका दिया।



# एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक ने आई.टी. पार्क-4 और प्लग एण्ड प्ले परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

## औद्योगिक क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, रेडीमेड कॉम्पलेक्स और नमकीन क्लस्टर का किया भ्रमण

इंदौर। एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति द्वारा औद्योगिक क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, रेडीमेड कॉम्पलेक्स और नमकीन क्लस्टर का भ्रमण किया गया एवं प्लग एण्ड प्ले पार्क तथा आई.टी. पार्क-4 के विकास कार्य की समीक्षा की गई।

श्री प्रजापति द्वारा रेडीमेड गारमेन्ट कॉम्पलेक्स, परदेशीपुरा में 167 करोड़ रूपये की लागत से विकसित किए जा रहे बहुमंजिला भवन प्लग एण्ड प्ले पार्क के विकास कार्यों की समीक्षा की गई और निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस पार्क में 184 प्रोडक्शन यूनिट, 94 सेल्स ऑफिस एवं 48 छोटी दुकानें विकसित की जा रही हैं, जिनमें क्षेत्र की महिलाओं हेतु रोजगार के नवीन अवसर उत्पन्न होंगे। यह अपने तरीके का प्रदेश का पहला बहुमंजिला रेडीमेड गारमेन्ट पार्क होगा। विजिट के दौरान




उनके द्वारा रेडीमेड कॉम्पलेक्स की गारमेंट इकाई का भी दौरा किया गया एवं वहां कार्य कर रही महिलाओं से कार्य संस्कृति एवं परिवेश के बारे में चर्चा की गई।

इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स, परदेशीपुरा में 42 करोड़ रूपये की लागत से विकसित हो रहे आई.टी. पार्क-4 के विकास कार्य की समीक्षा भी श्री प्रजापति द्वारा की गई। यह भवन लगभग पूर्ण होने पर है। विकासकर्ता एजेंसी को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस भवन के मूल्य का अनुमोदन एम.पी.आई.डी.सी. को प्राप्त हो चुका है। शीघ्र ही यह भवन बुकिंग हेतु उपलब्ध कराया जायेगा, जिसकी तैयारी एम.पी.आई.डी.सी. ने प्रारंभ कर दी है। निवेशकों को भवन के बारे में जानकारी प्रदान करने एवं साईट विजिट के लिए शीघ्र ही कैम्प लगाया जायेगा। इस पार्क में लगभग 1500 रोजगार के नवीन अवसर सृजित होने की संभावना है।

श्री प्रजापति द्वारा नमकीन क्लस्टर में कार्यरत इकाईयों का भी भ्रमण किया गया। नमकीन क्लस्टर में कार्यरत इकाईयों की ओर से नमकीन क्लस्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन जैन द्वारा क्षेत्र में एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा किए गए विकास की सराहना करते हुए अपनी मांगें रखी गई, जिसमें कि वेस्ट वॉटर रिसाइकल प्लांट को कवर किए जाने तथा नमकीन निर्माण हेतु आर.ओ. वॉटर प्लांट के माध्यम से फिल्टर वॉटर उपलब्ध कराने एवं सावेर रोड़ से क्षेत्र तक के पहुँच मार्ग पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध किया गया। जिसकी स्वीकृति श्री प्रजापति द्वारा तुरंत प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया।

### प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक एवं मत्स्य सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया जायेगा

इंदौर। राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार इंदौर जिले की ग्राम पंचायतों में स्थापित प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक एवं मत्स्य सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया जायेगा। जिले की सभी ग्राम पंचायतो में इस तरह की सहकारी समितियां गतित होंगी। जिले में इस तरह की वर्तमान में 140 समितियां कार्यरत है। शेष ग्राम पंचायतों में भी चरणबद्ध रूप से उक्त समितियों का गठन किया जायेगा। इस वर्ष जिले में 10 ग्राम पंचायतों में इस तरह की समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में दी गई। बैठक में उपायुक्त सहकारिता श्री मदन गजभिये, इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आलोक जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार इंदौर जिले की ग्राम पंचायतों में स्थापित प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं, प्राथमिक दुग्ध उत्पादक एवं मत्स्य सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया जायेगा। इसकी प्रक्रिया तेजी से जारी है। जिले में इसके तहत उक्त संस्थाओं गैस एजेंसी, खुदरा, पेट्रोल/डीजल विक्रय करने के केन्द्र, जन औषधि केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र आदि संचालित किये जायेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस संबंध में सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बताया गया कि अन्न भण्डारण योजना के पायलेट प्रोजेक्ट के लिये इंदौर जिले की पांच सहकारी संस्थाओं का चयन किया गया है।

# शहरी क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये दीनदयाल जन-आजीविका योजना

## प्रदेश में 3 नगरीय निकायों का चयन पायलेट प्रोजेक्ट में

इंदौर। शहरी क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लागू दीनदयाल जन-आजीविका योजना (शहरी) भोपाल, इंदौर और उज्जैन जिले में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने 23 सितम्बर 2013 में स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) के स्थान पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) को शुरू किया था। डे-एनयूएलएम योजना की अवधि प्रदेश में 30 सितम्बर 2024 को समाप्त हो गयी। इसके स्थान पर केन्द्र सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय ने एक अक्टूबर 2024 से देशभर में नवीन मिशन दीनदयाल जन आजीविका योजना (शहरी) लागू की है।

दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन- प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सितम्बर 2013 से सितम्बर 2024 तक 65 हजार 599 स्व सहायता समूह 2309 एरिया लेबल फेडरेशन और 106 सिटी लेबल फेडरेशन का गठन किया जा चुका है। इन संगठनों से जुड़कर 6 लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाओं ने शहरी स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने संगठन को मजबूती प्रदान की है। मिशन के अंतर्गत 36 हजार 448 स्व सहायता समूहों को आवर्ती निधि के रूप में करीब 36 करोड़ 45 लाख रूपये की राशि प्रदान की जा चुकी है।

### प्रेस्टीज संस्थान के पहले बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स) बैच का हुआ दीक्षांत समारोह



इंदौर। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीआईएमआर), यूजी कैंपस, इंदौर ने अपने पहले बैच (2021-2025) के बीबीए (ऑनर्स/रिसर्च के साथ) और बी.कॉम (ऑनर्स) छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ये चार साल के खास कोर्स, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू किए गए, इस क्षेत्र में अपनी तरह के पहले हैं। इनमें छात्रों को कई विषयों की पढ़ाई, प्रैक्टिकल अनुभव और समग्र विकास का मौका मिला।

पीआईएमआर के निदेशक, डॉ. एस. रमन अय्यर, ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ÷एनईपी के तहत पढ़ने वाले आप पहले बैच हैं। हमेशा सीखते रहें और दूसरों को प्रेरित करें।

डॉ. नितिन तातेड, डीन एकेडमिक्स, ने छात्रों की मेहनत को सराहा और एनईपी की खूबियों को बताया। इस बैच ने अलग-अलग विषयों, इंटर्नशिप और रिसर्च में शानदार प्रदर्शन किया।

# नारी शक्ति की आधुनिक प्रतिमूर्ति- डॉ. अनामिका जैन



इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर भारतीय इतिहास की वह विलक्षण विभूति हैं जिन्होंने महिला शिक्षा, प्रशासन, सेवा और धर्म के क्षेत्र में महिला नेतृत्व की एक आदर्श परंपरा की नींव रखी। आज जब हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह आवश्यक हो जाता है कि हम उन आधुनिक नारियों का भी उल्लेख करें, जो लोकमाता की प्रेरणा से जनसेवा, शिक्षा और समाज-संस्कार में अद्वितीय योगदान दे रही हैं। उन्हीं में से एक हैं इंदौर के ऐतिहासिक और गौरवशाली शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय की प्रथम महिला प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन।

डॉ. जैन एक प्रखर शिक्षाविद, समर्पित एनसीसी अधिकारी और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक शक्तियों में से एक हैं। उन्होंने 30 वर्षों तक गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित किया, जिनमें से कई आज भारतीय सशस्त्र बलों, प्रशासनिक सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

लोकमाता अहिल्या बाई से प्रेरित उनका जीवन कर्तव्यनिष्ठा और करुणा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने अपने पारिवारिक दायित्वों को निभाते हुए शासकीय सेवा में उत्कृष्टता प्राप्त की और छात्राओं को न केवल शिक्षा बल्कि जीवन मूल्यों और आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।

### असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए जून माह में 12 संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर के आयोजन होंगे



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में आज संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाराजा यशवंतराव अस्पताल के डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. शौजी जोसफ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्री अरविन्द सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के श्री आर.एस. चौहान, श्री अरविन्दो अस्पताल के एमडी डॉ. आदित्य चौरसिया, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूर्णिमा गड़रिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने बताया कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के दिशा में एक नई पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन और अरविन्दो अस्पताल के संयुक्त प्रयासों से आगामी जून माह में जिले में 12 स्थानों पर संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया जायेगा। ये शिविर नेहरू पार्क रोड़, बाणगंगा, राजेन्द्र नगर, नंदा नगर, निपानिया, गुमाश्ता नगर, बिचौली हप्सी, आजाद नगर, धार रोड़ आदि स्थानों पर आदि स्थानों पर 5 जून से लेकर 30 जून तक आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें सीबीसी, ईसीजी, फायब्रो स्केन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर, लीवर, मेमोग्राफी, पेपस्मेयर, काल्पोस्कोपी, मोतियाबिंद आदि की निःशुल्क जांचे शामिल है। आवश्यकता होने पर उपचार भी मुहैया कराया जायेगा। शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी जो नागरिक को मुफ्त परामर्श, परीक्षण तथा आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध करायेंगी।

# इंदौर की बेटी पलक शर्मा ने पानी से पन्नों तक लिखी स्वर्णिम गाथा



इंदौर। जब इंदौर की छोटी सी बालिका ने पहली बार स्विमिंग पूल में छलांग लगाई थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यहीं छलांग एक दिन राष्ट्रीय खेलों के मंच पर स्वर्ण पदक में बदलेगी। लेकिन जुनून, समर्पण और कड़ी मेहनत से लिखी गई यह कहानी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुकी है। एक सामान्य शुरुआत, असाधारण यात्रा- पलक शर्मा, इंदौर की रहने वाली एक साधारण परिवार की असाधारण बेटी हैं। उन्होंने महज 8 साल की उम्र में गोताखोरी (डाइविंग) से जुड़कर जल की लहरों को अपना मित्र बना लिया। तब से अब तक पलक ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सिर्फ 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतकर यह जता दिया कि वे असाधारण प्रतिभा की धनी हैं।

कोच, परिश्रम और प्रेरणा- उनकी इस यात्रा में उनके कोच श्री रमेश व्यास की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने पलक को न सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण दिया, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया। दोनों की मेहनत रंग लाई और आज पलक एक ऐसी एथलीट बन चुकी हैं जो देश-विदेश में मध्यप्रदेश और भारत का नाम रोशन कर रही हैं। 38वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चमका पलक का जलवा- वर्ष 2025 की शुरूआत में उत्तराखंड में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पलक शर्मा ने हाई बोर्ड और एक मीटर गोताखोरी में स्वर्ण पदक तथा तीन मीटर गोताखोरी में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पत्रग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# कलेक्टर श्री सिंह ने टाटा सीवरेज प्रोजेक्ट व अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

## कलेक्टर ने काल भैरव मंदिर के बाहर स्थित परिसर में भी शेड निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जाने के लिए कहा

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को गऊघाट, बड़ा पुल चक्र तीर्थ, गाड़ी अड्डा क्षेत्र में चल रहे टाटा सीवरेज प्रोजेक्ट कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी कार्यों को तेज़ गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा काल भैरव मंदिर पहुंचकर वहां पार्किंग स्थल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने जूता स्टैंड का शेड और बढ़ाए जाने के निर्देश दिए तथा काल भैरव मंदिर के बाहर स्थित परिसर में भी शेड निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने मंदिर में समय-समय पर साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए कहा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा ना हो।



कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा अंगारेश्वर मंदिर पहुंचकर वहां आगामी 31 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारीयों का जायजा लिया गया। उन्होंने मंच और कार्यक्रम स्थल की अन्य व्यवस्थाएं समय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के द्वारा मंगलनाथ मंदिर के ब्रिज के समीप से लेकर कार्यक्रम स्थल तक होर्डिंग्स और बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए। तथा स्थल के आसपास साफ सफाई और अन्य आवश्यक तैयारीयां करने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान निजातपुरा और बियाबानी में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण का कार्य भी देखा। उन्होंने सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर मंदिर के बाहर टाटा सीवरेज लाइन के कार्य को 01 सप्ताह में पूर्ण करने के लिए कहा और मंदिर में चल रहे हैं अन्य निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, एडीएम श्री प्रथम कौशिक, सीईओ स्मार्ट सिटी श्री संदीप शिवा, एसडीएम एवं अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

# किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है - डॉ उमेश राय

## समर कैंप में बच्चों को सिखाया दुर्घटना, इमरजेंसी के समय सीपीआर देना




उज्जैन। किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य है। यह बात जज़्बा सोशल फाऊंडेशन के निःशुल्क समर कैंप में सी पी आर देने के सत्र को संबोधित करते हुए डॉ उमेश राय ने कही।

डॉ राय ने उपस्थित बच्चों को बताया कि दुर्घटना अथवा इमरजेंसी के समय सबसे पहले घायल को थपथपाना चाहिए। फिर उसकी नब्ज़ देखना चाहिए। फिर मुंह से ऑक्सीजन देना चाहिए। साथ ही दोनों हाथों से सीने के बीच दो से पांच इंच एक मिनिट में सो बार दबाकर सी पी आर देना चाहिए। दुर्घटना होने पर यदि जल्द से जल्द इस प्रक्रिया से मेडिकल सहायता दी जाए तो हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। ? साईं फरिश्ते के डॉ जितेंद्र रायकवार ने भी संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। दोनों महानुभाव ने बच्चों से प्रयोग भी करवाए। इस अवसर पर वहीद भाई कोटा, फैज़ जाफरी, शादाब लाला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंजीनियर सरफराज कुरेशी ने जज़्बा की गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत नईम खान, इरशाद नागौरी, अत हर आलम अंसारी, सादिक खान, हारून नागौरी, मंसूर हुसैन, फरीद कुरेशी, असलम मंसूरी, जावेद कुरेशी इंजीनियर, सलीम देहलवी, इंसाफ कुरेशी एड, ज़हीर शेख आदि ने किया।

### राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होंगे माली सैनी समाज के 300 प्रतिभाशाली

उज्जैन। जन नायिका मां सावित्रीबाई फूले शिक्षा समाज विकास संस्थान द्वारा चतुर्थ शिक्षा सेमिनार 2025 का आयोजन 1 जून रविवार को शिवांजलि गार्डन नील गंगा पर किया जा रहा है।

संस्थान अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि सेमिनार के प्रथम सत्र में माली सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। राज्य स्तरीय इस प्रतिभावान समारोह में बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान होगा। विभिन्न स्थानों से 300 से अधिक प्रतिभाओं का पंजीयन हो चुका है। सेमिनार में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, वरिष्ठ जन शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# तीन दिवसीय योग शिविर एवं साधना स्वास्थ्य दीप यज्ञ श्रृंखला का शुभारंभ



उज्जैन। अखिल विश्व गायत्री परिवार, विवेकानंद युवा मंडल आवासीय परिसर एवं संकल्प शिव शक्ति लोक कल्याण समिति उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर व साधना एवं स्वास्थ्य दीप यज्ञों की श्रृंखला का आयोजन 29 मई से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक गायत्री परिवार के स्वास्थ्य एवं साधना आंदोलन के अतर्गत इंदौर रोड स्थित विभिन्न आवासीय परिसरो में किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत महावीर बाग में 29 से31 मई, त्रिवेणी हिल्स 1 से 3 जून, अमरनाथ एन्क्लेव्ह 4 से 6 जून, दीप्ती बिहार-तृप्ती विहार 7 से 9 जून, महेश विहार 10 से 12 जून, बसंत विहार 13 से 15 जून, वृंदावन धाम 16 से 18 जून, स्वाती विहार, अथर्व इन्क्लेव अथर्व विहार 16 से 18 जून, त्रिवेणी विहार, अंजूश्री हॉटेल के पीछे का क्षेत्र 18 से 20 जून तक आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक अभ्यास अष्टविनायक मंदिर, हाटकेश्वर पर 21 जून को होगा। योग शिविर पूर्णतः निशुल्क रहेगा। शिविर में भागीदारियों को अपने साथ योग मेट/चादर, पानी की बोतल आदि लेकर आना होगा। महिला एवं पुरुषों के लिए बैठने की व्यवस्था अलग-अलग रहेगी। 3 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अभ्यास में दिनचर्या, आत्मबोध, उषा पान, तत्वबोध, यम, नियम, प्रत्याहार परिचय, सूक्ष्म व्यायाम-योगिक श्वसन आदि।

प्राणाकर्षण, नाडी शोधन, भ्रामरी प्राणायाम, आसन प्रोटोकॉल के अनुसार प्रज्ञा व्यायाम /योग, ध्यान धारणा, समाधि परिचय, आहार विहार, सामान्य स्वास्थ्य चर्चा, हमारा युगनिर्माण सत्संकल्प। प्रश्नोत्तरी, साधना स्वास्थ्य प्रधान दीप यज्ञ, साधना स्वाध्याय संयम सेवा की व्याख्या, साधना एवं स्वास्थ्य संवर्धन आहुतियों के साथ अंतिम दिन संक्षिप्त दीप यज्ञ होगा।

इस श्रृंखला के शुभारंभ में 29 मई को अमरनाथ एवेन्यू में दिलेन्द्र गोहिल सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व आवासीय परिसर के प्रबुद्ध परिजनों जनों की उपस्थिति में तीन दिवसीय योग शिविर प्रारंभ हुआ। योगाभ्यास मोहन सिंह हिंगोले एवं शिवांगी शर्मा योगाचार्य द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापन में आरपी सिंह, शिरीष टिल्लू, वरिष्ठ परिजन गायत्री परिवार, विनोद झा संयोजक बांके बिहारी प्रज्ञा मंडल, वैशाली परमार, ÷संकल्प शिव शक्ति लोक कल्याण समिति उज्जैन मंडल मंत्री भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख भूमिका रही।

# मोदी मंत्रीमंडल से मिली उज्जैन संसदीय क्षेत्र को बड़ी सोगाता

## मल्टीट्रैकिंग परियोजना की मंजूरी से उज्जैन संसदीय क्षेत्र में औद्योगिकीकरण को मिलेगा बढ़वा

उज्जैन। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारतीय रेल में दो मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिससे यात्रियों और वस्तुओं का निर्बाध एवं तेज परिवहन सुनिश्चित किया जा सकें।



इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से रतलाम - नागदा के बीच तीसरी और चैथी नवीन लाइन, वर्धा-बल्हारशाह चोथी लाइन शामिल है।

इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रूपये है इन्हें 2029- 30 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने बताया कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटि के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई है। ये यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेष के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, जिनकी आबादी लगभग 19.74 लाख है। ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 18.40 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। जिससे उज्जैन संसदीय क्षेत्र के औघोगिक क्षेत्र को बढ़वा मिलेगा। आपने कहा कि रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागतए तेल आयात (20 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (99 करोड़ किलोग्राम) में कमी करने में मदद करेगाए जो 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

परियोजनाओं के दौरान लगभग 74 लाख मानव.दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

ये पहल यात्रा सुविधा में सुधार करेगीए लॉजिस्टिक लागतए तेल आयात और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देगीए जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को मजबूती मिलेगी। परियोजनाएं कंटेनरए कोयला, सीमेंट, कृषि वस्तुओं और अन्य सामानों के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण मार्गों पर लाइन क्षमता को बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को भी बढ़ाएँगी। इन सुधारों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के बेहतर उपयोग की आशा है, जिससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेल के लिए परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा।

# कलाम सर्वधर्म सोसायटी द्वारा मुशायरा आयोजित

उज्जैन। कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था कार्यालय पर मुशायरा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शायर हमीद गौहर, शान अहमद शान, मलंग खान, डॉ रफीक नागौरी, शाहनवाज आज़मी, जावेद मिर्ज़ा, सुरखाब बशर, अंसार अहमद अंसार ने अपने कलाम पढ़े और महफिल को अपनी शायरियों से ओर हसीन बना दिया। सदारत सरफराज हुसैन ने की।

कार्यक्रम का संचालन समीर उल हक ने किया आभार संस्था अध्यक्ष एडवोकेट समीर खान ने माना। जानकारी बंटी शाह ने दी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com